# पेड़-पौधों का फर्जी बिल उठाने वाले ठेकेदारों पर आयुक्त ने नकेल कसी

## रोड डिवाइडरों पर पौधों की खस्ता हालत देखकर नाराज हुए निगम आयुक्त हसीजा



हैरिटेज नगर निगम कमिश्नर अरुण हसीजा ने शहर में 4 घंटे घूमकर रोड डिवाइडरों पर लगाए गए पेड़-पौधों व रखरखाव के कार्यों की जांच की।

- **उन्होंने ठेकेदारों का भुगतान रोकने, ड्रोन सर्वे और थर्ड पार्टी जांच के आदेश दिए**
- **सूत्रों का कहना है कि उद्यान ठेकेदारों ने बिना काम करवाये ही अफसरों से बिल पास करवा लिए थे, परंतु कमिश्नर ने भुगतान पर पहले ही मौका निरीक्षण कर लिया**
- **आयुक्त हसीजा तमाम बिलों को लेकर शनिवार को सी-स्कीम, हसनपुरा, सोडाला, सिविल लाइन, बनी पार्क इलाके में पहुंचे तो ठेकेदारों की पोल खुल गई**

### हैरिटेज नगर निगम क्षेत्र में इन फर्मों के पास है रोड डिवाइडरों का जिम्मा

| | | |
|---|---|---|
| 1 हसनपुरा पुलिया से हटवाड़ा सब्जी मंडी तक रोड डिवाइडरों का संधारण कार्य | मैसर्स नईनाथ कंस्ट्रक्शन कं. | 3 जून 2024 से 3 जून 2025 तक |
| 2 हसनपुरा हटवाड़ा रोड पर सड़क डिवाइडरों का सौंदर्यीकरण कार्य | मैसर्स सुसावत कंस्ट्रक्शन कं. | 14 मार्च 2024 से 13 मार्च 2025 तक |
| 3 सोडाला और आसपास के क्षेत्र स्थित रोड डिवाइडर और रोड साइड सौंदर्यीकरण व संधारण | मैसर्स सुसावत कंस्ट्रक्शन कं. | 11 मार्च 2021 से 11 फरवरी 2022 तक |
| 4 सरदार पटेल मार्ग स्थित रोड डिवाइडर का संधारण कार्य | मैसर्स टोडावत कंस्ट्रक्शन कं. | 8 दिसंबर 2021 से 8 नवंबर 2022 तक |
| 5 सरदार पटेल मार्ग का रखरखाव और रोड डिवाइडरों का संधारण कार्य | मैसर्स नईनाथ कंस्ट्रक्शन कं. | 3 जून 2024 से 3 मई 2025 तक |
| 6 होटल राजपूताना शेरेटन के सामने मेट्रो स्टेशन होते हुए अजमेर पुलिया के नीचे, आसपास का क्षेत्र, एम.आई.रोड तथा भगतसिंह मार्ग से कृष्ण मार्ग सी-स्कीम तक रोड साइड डिवाइडर पर पेड़ पौधे हेज लगाने व संधारण का कार्य | मैसर्स श्री नारायण नर्सरी | 2 नवंबर 2022 से 8 अक्टूबर 2022 तक |
| 7 होटल राजपूताना शेरेटन मेट्रो स्टेशन से होते हुए अजमेर पुलिया तक एवं भगतसिंह मार्ग से कृष्ण मार्ग सी-स्कीम तक रोड डिवाइडर व रोड साइडों में लगे पौधों का संधारण कार्य | मैसर्स टोडावता कंस्ट्रक्शन कं. | 14 मार्च 2024 से 13 मार्च 2025 तक |
| 8 बनीपार्क एवं आसपास के क्षेत्र में स्थित रोड डिवाइडरों एवं रोड साइडों का सौंदर्यीकरण व संधारण का कार्य | मैसर्स मीणा नर्सरी सेंटर | 11 फरवरी 2021 से 11 जनवरी 2022 तक |
| 9 शिवाजी नगर से ताज होटल भट्टा बस्ती क्षेत्र स्थित रोड डिवाइडर का सौंदर्यीकरण | मैसर्स मीणा नर्सरी सेंटर | 10 जून 2021 से 10 जून 2022 तक |
| 10 चांदपोल से पानीपेच तक एवं आरपीए रोड व सिविल लाइंस जोन कार्यालय के आसपास के रोड डिवाइडरों व रोड साइडों का संधारण कार्य | मैसर्स कुलदीप कंस्ट्रक्शन कं. | 3 जून 2024 से 3 मई 2025 तक |

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के उद्यानों और रोड डिवाइडरों पर पेड़-पौधों की सार संभाल किए बिना करोड़ों रु. के फर्जी बिल उठाने वाले ठेकेदारों पर हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण हसीजा ने नकेल कसी है।

उन्होंने शनिवार को करीब 4 घंटे तक शहर में पैदल घूमकर निरीक्षण किया। उन्होंने रोड डिवाइडर पर सख्ता हालत देखकर तमाम ठेकेदारों का भुगतान रोकने के आदेश देते हुए ड्रोन सर्वे करवाने और थर्ड पार्टी जांच के आदेश भी दिए। सूत्रों के मुताबिक हैरिटेज निगम की उद्यान शाखा में ठेकेदारों ने 1-2 साल पुराने कार्यों के भुगतान के बिल पेश किए थे। इनमें ऐसे काम भी थे, जो कभी हुए ही नहीं। ठेकेदारों ने रोड डिवाइडरों और उद्यानों में पौधों की सार-संभाल के नाम पर भी करोड़ों रुपये के भुगतान के बिल पेश किए थे। परंतु कमिश्नर ने इन्हें भुगतान करने से पूर्व ही शनिवार को तमाम इलाकों में औचक निरीक्षण कर लिया।

शनिवार सुबह 11 बजे आयुक्त अरूण हसीजा, उद्यान उपायुक्त मोनिका सोनी और इंजीनियर प्रियंका ताखर के साथ मौके पर किए गए कामों की जांच के लिए निकले। हसीजा ने सी स्कीम, हसनपुरा, सोडाला, सिविल लाइंस और बनीपार्क इलाके में करीब 4 घंटे तक घूमकर रोड डिवाइडर पर पौधारोपण और सौंदर्यीकरण के काम देखे। इस दौरान जगह-जगह पर सूखे हुए पौधे, डिवाइडर की खस्ता हालत मिली। इस पर कमिश्नर ने पूरे कामों की ड्रोन वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करवाने के आदेश दिए। आयुक्त ने खुद भी अपने मोबाइल फोन में इन खराब हो चुके पेड़-पौधो व खस्ताहाल डिवाइडरों की फोटोज़ खींची।

कमिश्नर हसीजा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि, हैरिटेज निगम क्षेत्र के तमाम उद्यानों और सड़क डिवाइडरों, फाउंटेन व अन्य कार्यों की जांच की जाये। ड्रोन सर्वे और थर्ड पार्टी जांच के बिना कोई भी भुगतान नहीं होगा। उन्होंने उद्यान उपायुक्त से भी कहा कि, आप स्वयं जाकर सभी कामों की जांच करो और तुरंत रिपोर्ट पेश करो। अगले सप्ताह घटिया काम करने वाले तमाम ठेकेदारों को निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया जायेगा। इन फर्मों व संवेदकों द्वारा कार्य सुधार के बाद ही बिल पेश किए जा सकेंगे। कमिश्नर ने उद्यान उपायुक्त से कहा कि कहा कि प्रत्येक सप्ताह कार्यों की जांच की जाएं, घटिया क्वालिटी वर्क होने पर संबंधित फर्म का भुगतान रोका जाएं और ब्लैकलिस्टेड किया जाएं।

## 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी

**जयपुर**। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति के लिये खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 3 दिसम्बर, 2024 से 'गिव अप' अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत ऊपर वर्णित अपात्र व्यक्ति अपना नाम खाद्य सुरक्षा योजना से हटवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी।

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कार्यालय जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम के द्वारा नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम द्वारा 23 अपात्र लाभार्थियों एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर द्वितीय द्वारा 21 अपात्र लाभार्थियों सहित कुल 44 अपात्र लाभार्थियों को नोटिस जारी किये गये है।

## राहगीरों से मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई राह चलते राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चार लाख रुपये कीमत के बाईस मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई राह चलते राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले शातिर बदमाश मोहम्मद आदिल निवासी रामगंज जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से कोतवाली,माणक चौक,रामगंज और लाल कोठी थाना इलाके से राहगीरों से छीने गए अलग-अलग कंपनियों के बाईस मोबाइल बरामद किए है। जिनकी बाजार कीमत चार लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा आरोपी के पास से एक छुरी भी बरामद की। जिससे वह वारदात के दौरान कोई विरोध करता तो उससे डराता था।

## मोहम्मद वकील ने ग़ज़लों से दी जगजीत सिंह को स्वरांजलि




**जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित संगीत संध्या 'सुमिरन' में शनिवार को सारेगामा मेगा फाइनल विनर 1998 और फ़िल्म वीर ज़ारा के पार्श्व गायक मोहम्मद वकील ने उम्दा ग़ज़लों से समां बांधा।**

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित संगीत संध्या 'सुमिरन' के दूसरे दिन शनिवार को सारेगामा मेगा फाइनल विनर 1998 और फ़िल्म वीर ज़ारा के पार्श्व गायक मोहम्मद वकील ने अपनी मधुर आवाज में उम्दा ग़ज़लों से समां बांधा।

ग़ज़ल सम्राट जगजीत सिंह की जयंती पर मोहम्मद वकील ने जगजीत सिंह की गाई ग़ज़लों के साथ उन ग़ज़लों को भी गाया जिनके शब्दों में खुद मोहम्मद वकील ने अपनी सुरीली आवाज से जान डाली है। सुमिरन के तीसरे दिन रविवार शाम 6:30 बजे संजय रायजादा और दीपक माथुर गीत और भजनों की प्रस्तुति देंगे।

कलाकार ने ग़ज़ल तेरे आने की जब खबर महके, होंठो से छू लो तुम के साथ आगाज कर जगजीत सिंह को स्वरांजलि दी। वकील ने इस मौके पर ग़ज़ल प्रस्तुति के अपने अनूठे अंदाज़ से वहां मौजूद ग़ज़ल प्रेमियों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति में स्वरों का ताना-बाना तो आकर्षक था ही इसके अलावा कई दिलकश शेरों को कहने का उनका अंदाज़, ग़ज़ल की कई अर्थपूर्ण पंक्तियों पर की गई गिरहबाज़ी का सुनने वालों ने जमकर लुत्फ उठाया और उन्हें दिली दाद से भी नवाज़ा।

मैग्नासाउंड साउंड द्वारा जारी एलबम में उनकी गायी हुई कतील शिफाई की ग़ज़ल 'वो दिल ही क्या तेरे मिलने की जो दुआ ना करे', बशीर बद्र की ग़ज़ल 'ये कसक दिल की दिल में चुभी रह गई' और रेड रिबन एलबम में उनकी गायी हुई मुनव्वर राणा की गजल 'बहुत दिनों से तुम्हें देखा नहीं है, ये आंखों के लिए अच्छा नहीं है' सहित वीर ज़ारा की रचना और कई अन्य रचनाएं भी उन्होंने सुनाईं।

## ई-रिक्शा चोर गिरोह का भंडाफोड़

### पुलिस ने एक खरीदार समेत चार आरोपियों को दबोचा




**मुरलीपुरा पुलिस ने शनिवार को ई-रिक्शा चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

- **चोरी के 8 ई-रिक्शा, 19 बैट्रियां, चाकू व वारदात में शामिल बाइक बरामद**

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को ई-रिक्शा चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक खरीदार सहित चार आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 8 ई-रिक्शा, 19 बैटरीयां, चाकू और वारदात में शामिल एक बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को ई-रिक्शा चोर गिरोह का भांडाफोड करते हुए आरोपी अमित शर्मा (24) निवासी भरतपुर हाल विश्वकर्मा, विक्रम सिंह (20) निवासी पीलवा जिला नागौर हाल करधनी, साजिद अली (24) निवासी शक्ति विहार कॉलोनी हरमाड़ा, हरीश सिंह पंवार (26) (खरीददार) निवासी धमोरा उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनूं हाल खोरा बीसल करधनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी संगठित होकर पहले गलियों में अपनी मोटरसाईकिल से रैकी करते थे और देर रात को ई-रिक्शा चोरी करते थे। चोरी करते वक्त या चोरी करके भागते वक्त यदि कोई सामने आता तो उसको डराने के लिए मोटरसाइकिल में चाकू रखते है। सभी आरोपी नशे के आदी है, यही कारण है कि वे अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदात करते है।

थानाधिकारी विरेन्द्र कुरील ने बताया कि ई-रिक्शा चोरी करने वाले आरोपियों को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज खंगाले। इस बीच मुखबीर से सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेजो में आ रहे संदिग्ध व्यक्ति देशप्रेम नगर में खड़े है, जिनके पास ई-रिक्शा भी है। जो बेचने के फिराक में खड़े है। जिनको गठित टीम ने पकडकर पूछताछ की तो आरोपियों ने ई-रिक्शा और बैट्रियां चोरी करने की बात कबूल कर ली। पुलिस ने चोरी के तीनों आरोपियों सहित एक खरीददार को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 5 ई-रिक्शा, 19 बैटरीयां, वारदात में शामिल बाइक और एक चाकू बरामद किया गया।

## चर्म रोगों पर चर्चा के लिए 29 सत्र हुए

**जयपुर**। डर्माकॉन नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन डर्माकॉन नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सत्रों में एसटीडी एंड एचआईवी, हाइपर पिग्मैंटेशन, लाइट और लेसर, हेअर डाई, सौंदर्य प्रसाधन और त्वचा की देखभाल पर चर्चा हुई। ज्ञात रहे कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट्स, वेनेरियोलॉजिस्ट्स और लेप्रोलॉजिस्ट्स की ओर से 53वें राष्ट्रीय सम्मेलन "डर्माकॉन 2025" का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन अध्यक्ष, डॉ. यू. एस. अग्रवाल ने बताया कि डर्माकॉन नेशनल कॉन्फ्रेंस में चर्म रोगों पर वैज्ञानिक पद्धित पर 29 सत्र आयोजित हुए, जिसमें डॉ. जनक मनिआर ने एचआईवी सत्र में एचआईवी एड्स परिदृश्य पर चर्चा की और उस से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 तक दुनियाभर में लगभग 39.9 मिलियन लोग एचआईवी के साथ जी रहे है। एचआईवी भारत में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी महामारी है, इस महामारी से भारत में लगभग 2.5 मिलियन लोग 2023 तक प्रभावित है। एचआईवी के साथ जी रही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं में से अधिकांश (85 प्रतिशत) ने एआरटी थैरेपी की मदद से एचआईवी संक्रमण में रोक लगी है हायपर पिग्मैंटेशन,लाइट और लेसर, हेअर डाई सौंदर्य प्रसाधन और त्वचा की देखभाल पर चर्चा हुई।

## संदिग्ध बदमाशों की तलाश में मानसरोवर पुलिस की छापेमारी

- **कार्रवाई के दौरान 50 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ, एक बदमाश गिरफ्तार**
- **पुलिस ने 5 वाहनों को भी एम.वी. एक्ट में जब्त किया**

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने अस्थाई डेरों, संदिग्ध व्यक्तियों, आपराधिक तत्वों की चेकिंग व दबिश सामूहिक अभियान चलाकर एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया है और साथ ही आरोपी से अपराध में लिप्त मोबाईल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किया है। इसके अलावा 5 वाहनों कर एमवी एक्ट में जब्ती सहित चार वाहनों का एमवी एक्ट की धाराओं में चालान किया है। इसके अलावा 50 संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ की गई है।

पुलिस उपायुक्त ( दक्षिण) जयपुर दिगंत आनंद ने बताया कि जिला जयपुर दक्षिण में बढ़ती अलग-अलग प्रकार की वारदातों मद्देनजर पुलिस सर्किल मानसरोवर ने पुलिस जाब्ते के साथ ईलाका थाना में स्थित संदिग्ध बिल्डिग, फलैट्स, अस्थाईबस्ती, डेरों, संदिग्ध व्यक्तितयों, आपराधिक तत्वों की चैकिंग व दबिश कार्यवाही का अभियान चलाया गया। पुलिस जाब्ते ने पुलिस थाना में स्थित 2 मल्टी स्टोरी बिल्डिंग चोरडिया उत्सव, प्रथम अपारटमेन्ट, उक्त के सैकड़ों फ्लैट्स, 6 अस्थाई बस्ती न्यू आतिश मार्केट, अमीशाह नाला, मेट्रो स्टेशन के पास मानसरोवर, बंजारा बस्ती बदरवास, भारत माता सर्किल के पास, महिमा सर्किल के पास तथा करीब 50 अस्थाई डेरों में निवास कर रहे व्यक्तियों से गहन पूछताछ की गई और चेकिंग सहित दबिश की कार्यवाही की गई। चेकिंग व दबिश कार्यवाही एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा एक अपराध में लिप्त मोबाईल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किया गया। दौरान चेकिंग कार्यवाही 05 संदिग्ध वाहनों को जब्त किया। तथा 4 वाहनों की एमवी एक्ट की धाराओं में चालान कार्यवाही की गई। संदिग्ध आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर दक्षिण पुलिस जाप्ता ने इस प्रकार संदिग्ध बिल्डिंग, फ्लैट, अस्थाई डेरो, बस्तियों की आकस्मिक चेकिंग व दबिश कार्यवाही की गई। जिससे आपराधिक तत्वों में भय तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम हुआ है।

## सार-समाचार

### डॉ. अशोक गुप्ता ने किया एम.ओ.यू.



**जयपुर**। एमजीयूएमएसटी में दुर्लभ रोगों के निदेशक डॉ. अशोक गुप्ता को 5 से 6 फरवरी तक कोलकाता में आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान इस क्षेत्र में सम्मेलनों, कार्यक्रमों और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए डॉ. अशोक गुप्ता और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका प्रतिनिधित्व गृह और पर्यटन सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और अन्य अधिकारियों ने किया।

### रसायन शास्त्र की भूमिका पर परिचर्चा



**जयपुर**। राजस्थान यूनिवर्सिटी के रसायन शास्त्र की प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने मुंबई में रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (यूके) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हेलेन पेन के साथ वर्ल्ड साइंस डे के लिए विकास के लिए रसायन शास्त्र की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा की रिकॉर्डिंग में भाग लिया। रसायन विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों की तुलना में, राज्य विश्वविद्यालयों के सामने क्या चुनौतियां हैं और विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं द्वारा रसायनज्ञों की अगली पीढ़ी तैयार करने में क्या योगदान दिया जाना है, प्रोफेसर गुप्ता ने इस पर अपने सुझाव व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. एस. राघवन, हेड ऑफ इनोवेशन, स्ट्रेटेजी एंड गवर्नमेंट अफेयर्स (भारत और दक्षिण एशिया), रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री द्वारा किया गया। प्रोफेसर गुप्ता ने पश्चिमी भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त द्वारा डॉ. हेलेन पेन एमबीई, सीईओ रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री के लिए आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भी भाग लिया। प्रोफेसर गुप्ता रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की सेलेक्ट कमेटी जो "रसायन विज्ञान के लिए भावि शिक्षा रणनीति" के लिए सिफारिशें तैयार कर रही है, और "- जेंडर डाइवर्सिटी रिपोर्ट इन केमिकल साइंस" की इंटरनेशनल स्टियरिंग कमेटी की भी सदस्य हैं।

### दो दिवसीय संगीत उत्सव कल से

**जयपुर**। जवाहर कला केंद्र की ओर से इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट के संयोजन में 10 से 11 फरवरी को ध्रुवपद-धरोहर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री अलंकृत पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग को समर्पित है। समारोह की शुरुआत सोमवार शाम 5 बजे पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी एवं डॉक्युमेंट्री 'सफ़रनामा' से होगी, इस दौरान राजेंद्र कटारिया एवं डॉ. प्रदीप टांक संवाद करेंगे और साहित्यकार ललित शर्मा "अकिंचन" इसका संचालन करेंगे। शाम 6 बजे से रंगायन सभागार में डॉ. श्याम सुंदर शर्मा ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद मुंबई के दरभंगा घराने के पं. सुखदेव चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी जिन्हें ट्रस्ट द्वारा पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग विभूति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। दूसरे दिन मंगलवार को "राजस्थान की ध्रुवपद परंपरा" पर संवाद होगा, इसमें विशेषज्ञ (प्रो.) डॉ. मधु भट्ट तैलंग और डॉ. श्याम सुंदर शर्मा विचार रखेंगे जबकि राजेश आचार्य मॉडरेटर रहेंगे। इस दिन दिल्ली के डॉ. प्रभाकर नारायण पाठक ध्रुवपद गायन की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का समापन पं. संतोष नाहर के ध्रुवपद अंग के बेला वादन से होगा। इस आयोजन में पखावज पर पं. राधे श्याम शर्मा, पं. प्रवीण आर्य, डॉ. अंकित पारिख, तबले पर पं. राज कुमार नाहर, तथा सारंगी पर पं. भारत भूषण गोस्वामी एवं उस्ताद अमीरुद्दीन ख़ान संगत करेंगे।

### मोबाइल-पर्स चुराने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर**। एसएमएस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल-पर्स चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से अलग-अलग कंपनियों के चार महंगे मोबाइल और पर्स बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि एसएमएस थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल-पर्स चुराने वाले गिरोह के बिजेन्द्र महावर उर्फ कालू निवासी बाटोदा जिला सवाई माधोपुर और अजय मीरोठा निवास जवाहर नगर को गिरफ्तार किया है।

## फिल्मी स्टाइल से चोरी करने वाले गया गैंग के पांच बदमाश गिरफ्तार

### यह बदमाश हुलिया बदलकर चुराए हुआ माल ज्वैलर्स को बेच देते थे



**झोटवाड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को गया गैंग के सरगना सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गया गैंग के सरगना सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गैंग के बदमाश फिल्मी स्टाइल से चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। हुलिया बदलकर चुराए माल को ज्वैलर्स को बेचकर मिले रुपयों से मौज-मस्ती का शौक पूरा करते थे। पुलिस की पूछताछ में गैंग के बदमाशों ने जयपुर शहर में एक दर्जन से अधिक नकबजनी-चोरी की वारदात करना कबूल किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पश्चिम ) अमित कुमार ने बताया कि झोटवाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गया गैंग के सरगना अरबाज उर्फ गया (26), उसके भाई मोहम्मद रउफ उर्फ लला (19) व शाहिद (19) निवासी सदर टोंक हाल विजय नगर कच्ची बस्ती भट्टाबस्ती और मोहम्मद अब्बास (45) निवासी कोतवाली सीकर हाल उद्योग नगर झोटवाडा व राकेश सोनी (35) निवासी मौलासर नागौर हाल प्रताप नगर शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज है।

पूछताछ में गिरफ्तार सरगना ने गैंग के साथ मिलकर जयपुर शहर में करीब एक दर्जन से अधिक नकबजनी,चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि फिल्मी स्टाइल से गैंग के बदमाश नकबजनी,चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। दिन के समय गैंग के बदमाश रेकी करते और रात को वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस से बचने के लिए वारदातस्थल के पास ही छिपने का ठिकाना ढूंढकर रखते थे। नकबजनी,चोरी के दौरान पूरे शरीर को कपड़े से ढका रखते थे। हाथों में गल्ब्स व सिर पर हेलमेट लगाए रखते थे। जिससे आसानी से उनकी पहचान नहीं हो सके। वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को चकमा देने के लिए छोटे-छोटे सकड़े रास्तों से बचाव करते हुए अपने घर तक पहुंचते थे।

घर से हुलिया बदलकर ज्वैलर्स को चोरी के गहने बेचते थे। चोरी का माल बेचकर मिले रुपयों से अपनी मौज-मस्ती का शौक पूरा करते थे।

## नर्सिंग ऑफिसर के पद पर करें पदस्थापित, दस्तावेज भी लौटाए

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को कहा है कि वह नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में सफल अभ्यर्थियों को नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पदस्थापित करें और संविदा पर नियुक्ति देते समय लिए गए उनके मूल दस्तावेज भी जारी करे। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश हरीश कुमार यादव व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को कहा है कि वह इस दौरान विभाग में अंडरटेकिंग पेश करे कि यदि याचिका में उनके खिलाफ फैसला होता है तो वे अपना पांच लाख रुपए का बॉन्ड भरेंगे।

याचिका में अधिवक्ता शोवित झाझडिया ने अदालत को बताया कि चिकित्सा विभाग ने 5 मई, 2023 को नर्सिंग ऑफिसर के 8750 पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें शामिल होकर याचिकाकर्ता मेरिट में आ गए। इस पर विभाग ने आदेश जारी कर उन्हें तय जगहों पर पद ग्रहण करने को कहा। याचिका में कहा गया कि कोविड के दौरान याचिकाकर्ता संविदा पर सीएचओ पद पर नियुक्त हुए थे और बाद में उन पर संविदा सेवा नियम, 2022 लागू किए गए थे। संविदा पर लेते समय उनके पांच साल सेवा करने को लेकर पांच लाख रुपए का बॉन्ड और मूल दस्तावेज जमा किए थे। वहीं अब उन्हें यह बॉन्ड के तहत राशि जमा कराने ही मूल दस्तावेज लौटाने और रिलीव किया जा रहा है। जबकि संविदा सेवा नियम के तहत बॉन्ड को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। याचिकाकर्ता चिकित्सा विभाग के अधीन ही संविदा पर थे और अब नियमित भर्ती भी इस विभाग में ही है। इसलिए उन्हें नर्सिंग ऑफिसर के पद पर पदस्थापित किया जाए। जिसका विरोध करते हुए विभाग की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने बॉन्ड की शर्त मानकर ही संविदा पर नियुक्ति ली थी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ताओं के मूल दस्तावेज लौटाने के साथ ही उन्हें पदस्थापित करने को कहा है।




## World Marriage Day

Finding your ultimate teammate in life, someone to laugh, love and share adventures with is like discovering the perfect hidden gem. Marriage is a hugely important institution in almost every part of the world and it symbolizes the formalization of a relationship between two people. World Marriage Day celebrates everything about marriage, and is a great day to propose to your partner, get hitched, or celebrate the one you are already married to! Married people still need to date each other! It is certainly important to take time to invest in each other and the marriage relationship.

#SCIENCE

# Scientists Produced a Particle of Light That Simultaneously Accessed 37 Different Dimensions

It's got us beat by 34.





Classical and quantum mechanics don't really get along as the science of the subatomic can get, well, weird. Take, for instance, quantum entanglement, which says that the state of one particle can be determined by examining the state of its entangled pair, regardless of distance. This strange fact flies in the face of classical physics, and even led Albert Einstein to famously describe this quantum quirk as 'spooky action at a distance.'


This is what is known as 'quantum nonlocality,' where objects are influenced across distances (seeming beyond the speed of light) whereas classical physics follows local theory, the idea that objects are influenced by their immediate surroundings. This is a pretty sharp divide as explained by the famous *no-go theorem* known as the Greenberger-Horne-Zeilinger (GHZ) paradox, which essentially details how quantum theory cannot be described by local realistic description.

Named for the physicists who described the paradox in 1989, GHZ-type paradoxes show that when particles can only be influenced by proximity, they produce mathematical impossibilities. The paradox can even be expressed through a calculation where 1 equals -1. This paradox is useful in showing how quantum properties cannot be described using classical means, but a new paper published in the journal *Science Advances* decided to see just how strange these paradoxes could get. Essentially, an international team of scientists wanted to see how unclassical particles of light could get, and the results were maybe stranger than the authors originally anticipated. This extremely technical experiment produced photons, or particles of light, that existed in 37 dimensions. Just as you and I exist in three dimension, plus an additional temporal dimension, these photons required 37 similar reference points.

"This experiment shows that quantum physics is more nonclassical than many of us thought," says Technical University of Denmark's Zhenghao Liu, a co-author of the study. "It could be that 100 years after its discovery, we are still only seeing the tip of the iceberg."

Pulling this off is not an easy thing to do as Liu and his team needed to feed a version of the GHZ paradox into coherent light, even in color and wavelength, so that they could easily manipulate the photons. This essentially resulted in the most 'nonclassical effects in the quantum world' that's ever been created. "We believe that this work has opened several avenues for future research," the authors write. "We hope our findings can be used to build even stronger quantum advantages in high-dimensional systems."


In other words, if we've only discovered the tip of the iceberg, just imagine what quantum breakthroughs are lurking just below the surface.




Ankur.



Mandi.


Manthan.




Mujib.

# Zubeidaa's Shyam Benegal Gone



Unlike some of his contemporaries, whose career took a backseat when the parallel cinema movement lost its steam, Shyam Benegal continued to push the envelope and tell the stories he believed in. He expanded his oeuvre in the '90s to direct *Suraj Ka Satvan Ghoda* (1993), an adaptation of the famous novel by Dharmavir Bharati, and biopics such as *The Making of the Mahatma* (1996). He directed a much-acclaimed trilogy about female Muslim protagonists, *Mammo* (1994), *Sardari Begum* (1994) and *Zubeidaa* (2001). In later years, he made *Netaji Subhas Chandra Bose: The Forgotten Hero* (2005), *Welcome to Sajjanpur* (2008), and *Well Done Abba* (2010). A tireless master, Benegal, at the age of 87, helmed a prestigious India-Bangladesh co-production, *Mujib: The Making of a Nation*, his last movie.



Zubeidaa.


Zubeidaa.


Nishant.


Junoon.


Kalyug.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

Shyam Benegal is no more, at 90. He had a special place in Jaipur because of his deep connections here. We have taken time to write about him as he needs that special consideration. Herein lies the obituary of a man who saw beyond his time. Self-trained as a cinematographer, while producing advertisement films, he actually fine honed his skills as a powerful conveyer of a message. Uncomfortable messages, yes, *Manthan* had to be crowdfunded. He travelled a long distance from there, but didn't shed his comfort for the uncomfortable. He shot *Zubeidaa* in Jaipur, a story of an unaccepted princess and her tragic end. Sounds like so many prince- princess stories that grandma relates at night to sleepless children. But this was a true story, of a real Prince and a real Princess, and he shot the movie in a real palace, Narain Niwas.

Jaipur has a live tradition of fine jewelry, *Kundan meena*. Well-to-do north Indians almost always have one in their collection. Authentic jewelry was used to keep close to authentic narration in the story and the grandeur of a story connected to the highest name in Rajput Lineage. The credits for the jewelry, as also the antique car used in the picturisation, were dutifully done, and the jeweler family, who provided both, was inundated with calls when the movie was released. Sudhir Kasliwal recounts that Benegal's daughter, Pia, herself came down to go through the collection, for the right pieces. Since the jewelry was all real, a responsible man from the unit collected it and returned it. Sadly, Sudhir recalls, Rekha requested him to do a photo shoot for her, but he had declined, saying that he did not photo film artists. Though, as an unearned consolation, he got an autographed painting from Rekha as a gift. But, going back to Shyam, just when mainstream Hindi cinema stepped into an exciting new phase, with the rise of the 'Angry Young Man' in the '70s, Shyam Benegal made a stunning debut as the writer and director of *Ankur* (The Seedling, 1974), propelling the parallel cinema movement in India.

A refreshingly original movie, *Ankur* was a searing criticism of the caste system and rural feudalism in India and received widespread national and international acclaim. This ensured a phenomenal start to his film career as the then 40-year-old Benegal became a 'disruptor,' who, with his powerful storytelling and touch of social realism, established himself as a modern master and a visionary in the years that followed.

Shyam Benegal, who turned 90, passed away in Wockhardt hospital in Mumbai.

Unlike art house filmmakers before him, including Satyajit Ray and Ritwik Ghatak, Shyam Benegal found a pan-Indian audience and international distributors. That widened the reach of his work. Yet, the writer-director didn't limit himself to making movies. His impressive body of work includes a host of landmark television shows and documentaries, including landmark series such as *Yatra* (1986) and *Bharat Ek Khoj* (1988). The 53-episode *Bharat Ek Khoj*, based on Jawaharlal Nehru's book *Discovery of India*, was an ambitious project that familiarised the audience with India's 5,000-year history, myths and ethos through an engaging narrative. In March 2014, Rajya Sabha TV started telecasting *Samvidhaan*, a 10-part series, directed by Benegal that focused on the making of the Constitution of India. Shyam Benegal's *Manthan*, to be screened at Cannes, was one of the earliest examples of crowd-funded films.

Shyam Benegal's movies and aesthetics played a major role in the parallel cinema movement of the 70s and 80s. As Benegal directed some of his best movies, *Ankur*, *Nishant* (1975), *Manthan* (1976), *Bhumika* (1977), and *Junoon* (1979), he emerged as a strong cinematic voice and a force to reckon with. Tirelessly, the director continued to push his boundaries. In the 80s, he made critically acclaimed movies such as *Kalyug* (1981), *Arohan* (1982), *Mandi* (1983), *Trikaal* (1985), and *Susman* (1987), apart from diving into the world of television.

Unlike some of his contemporaries, whose career took a backseat when the parallel cinema movement lost its steam, Shyam Benegal continued to push the envelope and tell the stories he believed in. He expanded his oeuvre in the '90s to direct *Suraj Ka Satvan Ghoda* (1993), an adaptation of the famous novel by Dharmavir Bharati, and biopics such as *The Making of the Mahatma* (1996). He directed a much-acclaimed trilogy about female Muslim protagonists, *Mammo* (1994), *Sardari Begum* (1994) and *Zubeidaa* (2001). In later years, he made *Netaji Subhas Chandra Bose: The Forgotten Hero* (2005), *Welcome to Sajjanpur* (2008), and *Well Done Abba* (2010). A tireless master, Benegal, at the age of 87, helmed a prestigious India-Bangladesh co-production, *Mujib: The Making of a Nation*, his last movie.

**Mujib: The Making Of A Nation movie review: A bland, by-the-numbers biopic of Sheikh Mujibur Rahman**

Blessed with boundless creative energy, he reinvented himself as a director at different stages of his career. He also experimented with different themes, subjects, and formats and made over 20 feature films, 70 documentaries and short films. What was remarkable is that most of his work stood the test of time and remains relevant even today. Benegal's women have been assertive, independent, and feisty. They have driven the narrative in movies such as Ankur, Nishant, Bhumika, Mandi, Mammo, Sardari Begum, Zubeida, and Hari Bhari. They were flawed but came with their individuality.

Some of the Indian screen's most talented artistes, including Naseeruddin Shah, Shabana Azmi, Smita Patil, Amrish Puri, Girish Karnad, and Kulbhushan Kharbanda, either made their debut under his direction or worked extensively with Benegal during the initial phase of their careers. He not only identified their talent but also showcased it in the best possible way, and created several landmark characters of Indian cinema

Born on December 14, 1934, in Trimulgherry, Secunderabad, British India (now part of Hyderabad, Andhra Pradesh, India), Benegal's father was a professional photographer, originally from Karnataka, and, as a result, Benegal grew up speaking mostly Konkani and English, and with an appreciation of the visual arts. He was a cousin of filmmaker, Guru Dutt, and an early admirer of Bengali filmmaker, Satyajit Ray. Benegal graduated with a degree in economics from Nizam College, a constituent college of Osmania University in Hyderabad, Andhra Pradesh (now in Telangana), India, where he started a film society. He began his professional life in Bombay (now Mumbai), working for an advertising agency. He started as a copywriter and soon advanced to filmmaker. In that position, he made more than 900 commercials and advertising films and 11 corporate films as well as a number of documentaries. He taught at and twice (1980-83, 1989-92) served as chair of the Film Institute of India (now the Film and Television Institute of India) in Pune.

Shyam Benegal will be missed sadly, but remembered. He can't be forgotten, his work won't let people forget him. His movies had people, authentic people.

rajeshsharma1049@gmail.com

## #JAIPUR'S CONNECTION



This picture is of one of the cars that was used for the film *Zubeidaa* by Shyam Benegal. The film was shot in Jaipur in the year 1999. Besides, he also borrowed authentic jewellery for the film shoot. Her daughter, Pia Benegal, assisted in selection of jewellery. Shyam Benegal himself came to see and select the cars with his daughter, Pia Benegal. If I remember correctly, the shooting in Jaipur was at Ramgarh, Polo Ground, Narain Niwas Hotel, besides other places.

#INCREDIBLE INDIA

# Travel Goals 2025

Step off the beaten path and discover these underrated destinations to experience a side of India, that's both refreshing and unforgettable.

As the New Year has already taken its course, it's time to update your travel bucket list. While India is renowned for its iconic landmarks like the Taj Mahal, Jaipur's palaces, and Kerala's backwaters, the country also boasts a treasure trove of lesser-known destinations. These hidden gems offer unique experiences, away from the usual crowds. Here are some underrated Indian destinations to explore in 2025.

### 1. Mawlynnong, Meghalaya



**The Cleanest Village in Asia**

Nestled in the East Khasi Hills, *Mawlynnong* is celebrated for its pristine beauty and eco-friendly practices. Known as the 'Cleanest Village in Asia,' it offers a glimpse of sustainable living. Stroll through picturesque streets, marvel at the Living Root Bridge, and soak in the breathtaking views from the Sky View Tower.

### 2. Bhedaghat, MP



**Marble Rocks and Waterfalls**

Located near Jabalpur, *Bhedaghat* is famous for its towering marble cliffs along the Narmada River. Take a boat ride during moonlit nights to witness the cliffs' surreal beauty. Don't miss the Dhuandhar Falls, where the river plunges with thunderous force, creating a misty spectacle.

### 3. Majuli, Assam



**World's Largest River Island**

*Majuli*, the world's largest river island on the Brahmaputra River, is a serene escape. It's known for its vibrant culture, ancient monasteries (Satras), and stunning landscapes. Visit during the *Raas* festival to witness traditional Assamese dances and performances.

### 4. Kalimpong, West Bengal



**Beyond Darjeeling's Shadow**

Often overshadowed by Darjeeling, *Kalimpong* is a tranquil hill station, offering breath-taking views of the Himalayas. Explore its colonial architecture, vibrant flower markets, and Buddhist monasteries like *Zang Dhok Palri Phodang*. Don't miss the cactus nursery for its rare collection.

### 5. Tawang, AP



**A Hidden Himalayan Gem**

Perched at 10,000 feet, *Tawang* is a paradise for nature lovers and spiritual seekers. Home to the Tawang Monastery, one of the largest in India, it's surrounded by snow-capped peaks, high-altitude lakes, and lush valleys. The Sela Pass is a must-visit en route.

### 6. Hampi, Karnataka



**A Living Museum**

While not entirely unknown, *Hampi* often takes a backseat to popular destinations. This UNESCO World Heritage Site is a treasure trove of ancient ruins, temples, and bouldered landscapes. Explore the Virupaksha Temple, Vittala Temple, and the Hampi Bazaar to step back in time.


### 7. Chitrakote, Chhattisgarh



**India's Niagara Falls**

Dubbed the 'Niagara of India,' *Chitrakote* Falls on the Indravati River is a spectacular sight, especially during the monsoon. Surrounded by dense forests, it's a haven for nature enthusiasts and photographers.

### 8. Gurez Valley, J&K



**Untouched Beauty**

A hidden paradise in Kashmir, *Gurez Valley* offers untouched natural beauty, complete with lush meadows, wooden houses, and snow-clad mountains. It's an ideal destination for trekking, fishing, and soaking in serenity.


### 9. Dholavira, Gujarat



**A Peek into Ancient Civilization**

For history buffs, *Dholavira* in Gujarat, a UNESCO World Heritage Site, provides a fascinating glimpse into the Indus Valley Civilization. Explore the well-preserved ruins and water conservation systems that date back thousands of years.


### 10. Ziro Valley, AP



**A Music Lover's Haven**

Known for the *Ziro* Festival of Music, this tranquil valley is home to the Apatani tribe. With its rolling hills, lush paddy fields, and unique bamboo architecture, Ziro is a perfect retreat for cultural enthusiasts.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### दिल्ली की जीत पर भाजपाईयो ने मनाया जश्न

**मालपुरा।** शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने व भारतीय जनता पार्टी को 27 साल बाद दिल्ली मे मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपाईयो ने मनाया जश्न। चुनाव परिणामो के शुरू हुये रूझान मे शुरूआती दौर मे ही भारतीय जनता पार्टी ने अपनी बढत बनाई। जो कि अन्तिम दौर की मतगणना तक जारी रही, 27 साल बाद दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के बजाय इस बार भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जता दिल्ली मे खिलाया कमल। मालपुरा,लाम्बाहरिसिंह सहित विधानसभा क्षैत्र के कोने-कोने मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर आतिशबाजी कर मिठाई बांट एक-दुजे को दी जीत की बधाई।

### कुएं में डूबने से बालिका की मौत

**निवाई।** कृषि कार्य करने के दौरान एक बालिका का संतुलन खराब हो जाने से वह कुए में गिर गई। कुए में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। थानाधिकारी सूरजमल जाट ने बताया कि अंकिता (14) पुत्री बाबूलाल निवासी शिवसिंहपुरा सीदडा थाना निवाई कुएं पर कृषि कार्य करने के दौरान उसका पांव फिसल गया जिससे वह कुएं में गिर गई। कुए में डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से बालिका को कुए से बाहर निकालकर निजी वाहन से राजकीय सामुदायिक अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक छात्रा जनजाति आवासीय विद्यालय में नवीं कक्षा में अध्ययनरत थी।

### नगर परिषद की बजट बैठक 12 फरवरी को

**कोटपूतली।** नगर परिषद कोटपूतली की साधारण सभा की वार्षिक बजट बैठक आगामी 12 फरवरी बुधवार को प्रातः 11.15 बजे से नगर परिषद सभागार में सभापति पुष्पा सैनी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के सम्भावित आय-व्यय, अनुमानित बजट पर विचार-विमर्श, वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित आय-व्यय अनुमान का अनुमोदन व वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आवश्यक महत्वपूर्ण वार्षिक संविदाओं हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### प्रयागराज महाकुम्भ में विधायक पटेल ने लिया भाग

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अगुवाई में राज्य मंत्रीमंडल के सदस्य, विधायकगण व अधिकारी सपरिवार शनिवार तडके राजधानी जयपुर से विशेष विमान द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में पहुँचे। जहाँ तीनों पवित्र नदियों के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाई। महाकुम्भ स्नान में स्थानीय विधायक हंसराज पटेल ने अपनी पत्नी श्रीमती राधा देवी के साथ भाग लिया। साथ ही भगवान महादेव से कोटपूतली की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**फुलेरा।** कस्बे की श्री रिद्धि सिद्धि कॉलोनी स्थित पैराडाइज गार्डन में 9 फरवरी को दोपहर 12.15 बजे राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा फुलेरा तहसील कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ताराचन्द गहलोत एवं विशिष्ट अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान अध्यक्ष अनुभव चन्देल, प्रदेश महामंत्री भवानी शंकर माली, प्रदेश कोषाध्यक्ष बहादुर मल सैनी, सुनील सैनी, गीता सोलंकी, जयपुर जिला अध्यक्ष सीताराम सैनी, जगदीश सैनी, काजल सैनी, कमल सैनी, नवरतन सैनी, हनुमान सैनी, गणेश सैनी, पूजा भाटी आदि होंगे।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे



नगर परिषद कार्यालय शाहपुरा के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ते हुए जश्न मनाया।

**शाहपुरा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में भाजपा की जीत पर भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी एवं नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी की उपस्थिति में नगर परिषद कार्यालय शाहपुरा के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ते हुए जश्न मनाया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार एवं भाजपा आलाकमान की जमकर तारीफ की।

भाजपा शाहपुरा विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज कुमार टॉक ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान मंजू सैनी, भाजपा पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष रवीश खटाणा, बीएसएनएल सलाहकार संतोष माधाणी, पार्षद पुनीत भगेरिया, सहसंयोजक श्याम सुंदर राज जोशी, उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाइयां प्रेषित की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने बीजेपी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, राव साहब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटाखे फोड़ते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाये। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल चुड़ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश मित्तल, मंडल प्रतिनिधि महेश पारीक, राजेश मंडोवरा, ओमप्रकाश भडाना, युवा मोर्चा अध्यक्ष एवम पार्षद रोशन बागड़ी, मदन लाल सैनी, पार्षद राजू लील, पार्षद नवाब अली, पार्षद मिट्ठू लाल, पार्षद एडवोकेट नरेश कुमार शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि ग्यारसीलाल कुम्हार आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चलित संग्रहालय प्रदर्शनी का आयोजन

**कोटपूतली।** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में शनिवार को चलित संग्रहालय (म्यूजियम ऑन व्हीलस) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय महाराष्ट्र व सिटी ग्रुप के संयोजन में मुंबई से आये इस संग्रहालय को कोटपूतली क्षेत्र के विविध विद्यालय के विद्यार्थियों ने देखा। म्यूजियम ऑन व्हीलस टीम के सदस्य प्रताप पाटिल व गौरव जाधव ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय 103 साल पुराना संग्रहालय है।

इस प्रदर्शनी का आयोजन बस के माध्यम से गत 08 वर्षों से किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य देश के विविध शहरों में जाकर विद्यार्थियों को विश्व की प्राचीन सभ्यताओं से परिचित कराना है। इस प्रदर्शनी में इंडिया के साथ ही ग्रीस, इजिप्ट, असिरिया, रोम व अन्य देशों की प्राचीन व ऐतिहासिक सभ्यताओं स्थापत्य व मूर्ति कला को दर्शाना व उनके बारे में जानकारी देना है। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने कहा कि यह कोटपूतली क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिये सुनहरा अवसर रहा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को विविध ऐतिहासिक व प्राचीन सभ्यताओं को जानने व समझने का अवसर मिला है। विद्यार्थी ये जान पाये हैं कि विश्व की विविध प्राचीन सभ्यताओं में और भारत की प्राचीन सभ्यताओं में क्या समानता है। अन्य देशों की प्राचीन स्थापत्य व मूर्ति कला आकर्षक व अद्भुत होने के साथ ही हमारे देश की सभ्यताओं से कितनी भिन्न है। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण 14 वीं शताब्दी की छपाई शैली का प्रदर्शन रहा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान व गतिविधियों के द्वारा विविध सभ्यताओं को जानने का अवसर मिला है। इस हेतु हम आगंतुक टीम का आभार प्रकट करते हैं। बर्सर विकास चौधरी व उपप्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने कहा कि यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि प्रदर्शनी हेतु हमारे विद्यालय का चयन किया गया और इसमें लगभग 1300 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनी को देखने हेतु सभी बच्चें खासे उत्साहित नजर आयें।

# नगर पालिका का46 लाख 59 हजार का बजट पारित

- पार्षद ने आरोप लगाया कि नपा मुस्लिम त्यौहार पर सजावट के नाम पर खाना पूर्ति करती है

**मनोहरपुर ।** क्षेत्र की नगर पालिका में मुख्य अतिथि विधायक मनीष यादव व पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 46 करोड़ 59 लाख रुपए का बजट पारित किया गया है। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने बैठक में कई मुद्दों को लेकर पार्षदों के सामने रखे।जिस पर पार्षदों ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

इस दौरान पार्षद रामेश्वर प्रसाद बुनकर ने रेवड राम गुर्जर से नागरमल गुर्जर तक 200 मी. व मुख्य रास्ते से छाजू खाती तक 20 मी,शंकर गुर्जर के मकान से हरसहाय गुर्जर 40 मी, गोकुल गुर्जर के मकान से मुख्य रास्ते 20 मी. तक सीसी रोड बनाने, नाली निर्माण कार्य और नागरमल गुर्जर के पास एक कैमरा तथा एनएच से कस्बे में प्रवेश मार्ग हलकाराम मोटर्स के पास लगाया जाए। देवनारायण जी मंदिर का नाला सफाई,कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन आए।गांधी चौक बाजार चबूतरे का नवीनीकरण करके अतिक्रमण मुक्त करें। और बस स्टैंड मनोहरपुर बिशनगढ़ मोड पर सुलभ शौचालय बनवाने वही मुख्य बस स्टैंड से लेकर गांधी चौक बाजार तक केंद्र से 20-20 फुट दोनों और से रास्ते को चौड़ा किये जाने का प्रस्ताव दिया।

इस दौरान पार्षद सरफराज चौहान ने कहा कि नगर पालिका में पारित किए गए बजट में नाराजगी जताते हुए कहा की नगर पालिका में सर्वधर्म का सम्मान करती है मगर मुस्लिम त्यौहार पर सजावट के नाम पर खाना पूर्ति करती है जबकि नगर पालिका में सजावटी त्यौहार की सजावटों को लेकर टेंडर पास किए जाते हैं इसके बावजूद रमजान ईद और ईद उल अजहा पर सजावट के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

पार्षद सलीम खान ने कहा कि तोपचीवाडा में पानी की किल्लत को लेकर अवगत करवाया कि संपूर्ण आनंद शर्मा के मकान से लेकर वार्ड पार्षद नफीस बानो के मकान की ओर नंबर 3 स्कूल तक खारा पानी आने की गंभीर समस्या बनी हुई है। और वहीं उन्होंने जलदाय विभाग से जीआई जल्द ही पाइपलाइन डलवाने की भी मांग की है।कस्बे में बंदर पकड़ने की प्रक्रिया महज खाना पूर्ति साबित होती है।

# नगर पालिका के कार्यों पर सवालियां निशान

- लाखों खर्च के बावजूद स्नानघर का रखरखाव तो दूर की बात यहां धरातल पर बद से बदतर हालत

**देवली।** यहां पालिका प्रशासन द्वारा विकास और रखरखाव के नाम करवाए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार उभर कर सामने आ रहा है। यहां विकास के नाम कार्यों में चल रहे भ्रष्टाचार के खेल के बीच फिर से मामला यह सामने आया है कि। पालिका के अधिशासी अधिकारी कार्यालय से 12 फरवरी 2024 को विभिन्न कार्य करवाए जाने के लिए क्रमांक संख्या 3832 पर ई निविदा जारी की गई थी । इस दौरान पालिका प्रशासन ने कई विभिन्न कार्यों को कराए जाने के लिए लगभग 23 कार्यों के लिए अपने चहते ठेकेदारो आमंत्रित किया था। इस दौरान उक्त निविदा में शहर में वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नानघर की देखरेख और रखरखाव के नाम चार लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया। इस पर अभी हाल ही में मामला यह सामने है कि वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव तो दूर की बात यहां पर उक्त स्नान घर और शौचालय के हालात धरातल पर बाद से बदतर बने हुए हैं ।

स्नान घर पर पालिका प्रशासन ने चार लाख रुपए खर्च करने की योजना बनाकर टेंडर जारी कर दिया। लेकिन मिली भगत के खेल से यहां इस स्नान घर में नल की एक टूटी तक नहीं दिखाई दी गई। तो वही शौचालय और स्नानागार में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मानो जैसे कि कई सालों से इस स्नान कर और शौचालय की कोई देखरेख नहीं हुई हो।

तो वही उक्त शौचालय और स्नान घर की हालत इतनी बुरी तरह दिखाई दी कि यहां चारों तरफ अंदर बाहर कांटेदार जंगली झाड़ियां उग गई है। तो वहीं नाले के पार बने शौचालय और स्नान घर में जाने तक के रास्ते का नामों निशान तक मिट गया है । ऐसे में उक्त मामले पर सवालिया निशान यह खड़े हो रहे हैं कि। जब वार्ड नंबर 22 के शौचालय और स्नान घर की हालत खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी हो तो। इस शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव पर लाखों खर्च की गई राशि किसकी पूर्ति में करने में लगा दी गई है। इसलिए की जिस शौचालय और स्नान घर की देखरेख और रखरखाव के नाम पर 4 लाख का ठेका या भुगतान अपने चहते ठेकेदार को दिया गया है। उसे ठेकेदार की लापरवाही ने सार्वजनिक स्नानागार और शौचालय हालत इतनी बुरी तरह बना दी कि यहां इंसान तो क्या जानवर जाना भी पसंद नहीं करता हे ।

तो वही पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ऐसे हालातो पर आंख मूंदे हुए क्यों बैठे हुए हैं। यह सोचनीय विषय है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जीरो टोलरेंस की नीति का बखान कर रहे हैं। जबकि यहां सरकारी धन को भ्रष्टाचार की नीति नियत पर खर्च करने के मामले एक के बाद एक उभर कर सामने आ रहे। इसलिए की सरकारी धन को चूना लगाने की नीयत से विकास कार्य करवाए गए हैं। जिनमें जमकर हुऐ भ्रष्टाचार की बु आ रही है । जो कुछ तो दिखाई दे रहे हैं और अधिकांश कागजों में ही पूरे हो गए हैं। इसलिए की पालिका के चिन्हित चंद ठेकेदार और कार्य से संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत के कारण छोटे-छोटे कामों के नाम पर सरकारी कोष से लाखों रुपया खर्च करने की योजना बनाई जाती है।

### कार्यकर्ताओं किया मिठाईयों का वितरण

**कोटपूतली।** देश की राजधानी दिल्ली में 27 वर्षो बाद भाजपा को प्रचण्ड बहुमत के साथ मिली जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों में हर्ष का माहौल है। दिल्ली में मिली जीत पर प्रतिक्रिया देते हुये विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि पीएम मोदी का कुशल नेतृत्व पुरे देश के साथ दिल्ली के दिल में बसा हुआ है।

पटेल ने बूथ स्तर पर अथक मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं व पार्टी नेतृत्व को बधाई देते हुये कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन व तुष्टिकरण की सारी सीमायें लांघ दी थी। आज देश की राजधानी झुठ, छल व प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति व प्रतिष्ठा के नये युग में यात्रा आरम्भ कर रही है। यह जनादेश विकसित भारत के संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगा।

दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झुठ, भ्रष्टाचार व कुशासन को नकार कर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास के संकल्प को चुना है। दिल्ली अब विकास एवं सुशासन की नई दिशा में आगे बढ़ेगी। वहीं दुसरी ओर मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोडकर मिठाईयों का वितरण किया।

# दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर की आतिशबाजी



कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

**टोंक।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर टोंक में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घंटाघर पर आतिशबाजी कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता ने इस अवसर पर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन एवं आम जनता की जीत बताई।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, दीपक संगत, महेन्द्र चौधरी, खेमराज मीणा, ओमप्रकाश पांडे, शैलेन्द्र जैन, जिला प्रवक्ता रामअवतार धाभाई, रामजस जाट, लक्ष्मी नारायण यादव, गुड्डु खटीक, रामबाबू गुप्ता, विष्णु चावला, गौरव चारण, प्रियवीर राठौड, नरेन्द्र अजमेरा, रविंद्र कुमावत, पुष्पेन्द्र जैन, अनिल शर्मा, सीताराम चावला, अंकित शर्मा, लड्डू किराड़, रामचारण साहू, नीलिमा आमेरा, बीना जैन, हर्षिता जैन, राधेश्याम साहू, जयनारायण वर्मा, सुरेश बैरवा तौफीक खान नफीसा मंत्री तारीख अहमद विजय चावला, प्रधान काबरा, सुरेश गुर्जर, हीरालाल महावर, शिवप्रकाश विजय, राजेन्द्र विजय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनोलॉजिस्ट के नहीं होने से पैकिंग में लिपटी सोनोग्राफी मशीन

**सांभरझील।** सांभर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में करमुनाथ हुए करीब 2 साल का लंबा समय हो गया है, लेकिन इसके पश्चात तमाम फैसेलिटीज जो मापदंड के अनुसार उपलब्ध होनी चाहिए उसमें अभी बहुत कुछ बाकी है। करीब 25 साल के लंबे इंतजार के बाद यहां के मरीज को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सोनोग्राफी मशीन सरकार की ओर से कुछ दिनों पहले ही प्रोवाइड भी करवा दी गई है जब सोनोग्राफी मशीन नहीं आई थी तो यहां पद स्थापित सोनोलॉजिस्ट चार माह तक ठाली बैठी रही, मशीन आने के करीब 1 महीने पहले ही उनका स्थानांतरण विभाग ने अन्यत्र जगह कर दिया। करीब 50 लाख का ओपीडी भवन का उद्घाटन पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले कर तो दिया था लेकिन वह आज तक चालू नहीं हुआ।

यहां के पीएमओ अरुण सिंह भाटी बताते हैं कि हमारी तरफ से 5-6 बार भूमि आवंटन करवाने के लिए उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी और अध्यक्ष तक को लिखित और मौखिक में अनुरोध कर चुके हैं, करीब 2 साल बीतने को है यह यहां के जनप्रतिनिधियों को देखना चाहिए। सोनोलॉजिस्ट मशीन के बारे में भाटी का कहना है कि सोनोलॉजिस्ट के आने के बाद ही संचालन होना संभव हो सकेगा क्योंकि इसके लिए स्पेशल ट्रेनिंग जरूरी होती है। नियुक्ति का मामला हमारे हाथ में नहीं है।

# पंचायतीराज संगठन का संवाद कार्यक्रम आयोजित





एक दिवसीय स्वराज संवाद कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय टोंक में आयोजित हुआ।

**टोंक।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन टोंक के जिला कार्यकारिणी सदस्यो, ब्लॉक अध्यक्षों, विधानसभा समन्वयकों का एक दिवसीय स्वराज संवाद कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय टोंक में आयोजित हुआ। जिसमें संगठन के प्रदेश महासचिव प्रभारी केशव तिवारी ने गांधी के ग्राम स्वराज के स्वप्न को गांव-गांव पहुंचाने का आव्हान किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने पंचायती राज संगठन के माध्यम से सर्वोदय के संकल्प को घर घर प्रचारित कर कांग्रेस विचारधारा को मजबूत करने पर बल दिया। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार मीणा ने कहा कि सर्वोदय संकल्प तभी साकार होगा, जब हम गरीब से गरीब व्यक्ति का सामाजिक आर्थिक उत्थान करेंगे, उन्होंने आगामी 2 माह में संगठन को पंचायत स्तर 11 कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर उनको कांग्रेस की विचारधारा से प्रशिक्षित करने की बात कही।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिवजीराम मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष टोंक कैलाशी देवी मीणा, मोहम्मद इस्लाम, भेरू लाल जाट, हरिराम गुर्जर, रामनारायण वर्मा, नानूलाल तोगड़ा, प्रहलाद गुर्जर, महासचिव मुनीम मीणा, सुरेश शर्मा, सतीश शर्मा, हनुमान मीणा, मोतिया देवी वर्मा सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मालिक ने बोर्ड हटाकर किए दस्तावेज पेश

**पावटा।** कस्बे के मुख्य बाजार घंटाघर चौक राध्यावाली में गुरुवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह के नेतृत्व में में अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने जेसीबी और ट्रैक्टरों के साथ कस्बे के मुख्य बाजार घंटाघर चौक बाजार में पहुंची जहां से दुकानों व खाली पड़ी भूमि राध्यावाली के सामने रोड पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाकर यह भूमि नगरपालिका की है बोर्ड लगाया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही भूमि मालिक ने इस बोर्ड को हटा दिया व पंचायत के समय बनाए गए भूमि दस्तावेज पालिका में पेश किए। जिसे लेकर पावटा कस्बे में चर्चा का माहौल गर्म रहा कि 5 दिन पहले घंटाघर- सीताराम के सामने वाली जमीन पर नगरपालिका का बोर्ड लगाया गया था लेकिन पांच दिन बाद ही अब इस जमीन पर बोर्ड हटा दिया गया है। अचानक यहा नगरपालिका के द्वारा साफ सफाई करवाकर सरकारी संपति का बोर्ड लगाया जाता है और 3-4 दिन बाद हटा दिया जाता है।


**मैक्सवैल हॉस्पिटल**
दूध मंडी चौराहा, पीतल फैक्ट्री के पास, झोटवाड़ा रोड, जयपुर
फोन 0141-2283683, 9982360099, 9829121603

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा आम जन को सूचित किया जाता है कि इस अस्पताल में दिनांक 01 अप्रेल 2019 से 31 मार्च 2020 तक के इंडोर मरीजों के मेडिकल रिकार्ड को नष्ट किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ती है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर डॉ. अर्पित शर्मा ( निदेशक ) से उपरोक्त नम्बर पर सपंर्क कर सकते है।
आज्ञा से
डॉ. एल. सी. शर्मा (चेयरमैन)

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा प्लॉट नम्बर 165, श्री राम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर को क्रय किया जा रहा है। उक्त प्लॉट का जे.डी.ए जयपुर द्वारा पट्टा विलेख दिनांक 30.07.2001 को तेजराम के हित में जारी किया गया है तत्पश्चात् तेजराम ने अपने जीवनकाल में उक्त प्लाट के बाबत् एक वसीयतनामा 18.09.2011 को अपनी पत्नी भँवरी देवी के हित मे निष्पादित किया। तत्पश्चात् तेजराम का 08.03.2012 को स्वर्गवास हो गया। तेजराम के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त वसीयतनामा प्रभावी हो गयी वसीयत के आधार पर उक्त प्लाट की भँवरी देवी एकमात्र मालकिन, स्वामिनी हुई। तत्पश्चात भँवरी देवी ने उक्त प्लाट का नाम हस्तान्तरण हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर मे आवेदन कर अपना नाम हस्तान्तरण करवा लिया जो दिनांक 30.04.2024 को जारी किया गया है। इस प्रकार भँवरी देवी ही उक्त प्लाट की एकमात्र मालकिन, स्वामिनी, है तथा काबिज है। भँवरी देवी द्वारा उक्त प्लॉट का बेचान किया जा रहा है अतः उक्त प्लाट बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को बेचान पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति / एतराजा मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात् इस आम सूचना बाबत् कोई भी आपत्ति / ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायगी।
B.C.Shankla, Advocate, Mob.: 9829063273

**राजस्थान आवासन मण्डल**
**जाहिर आम सूचना** वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:6360 दिनांक:03.02.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/133 (EWS), ( एरिया 47.625 वर्गमीटर ) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री धीरज चांवला पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण चांवला एवं श्री लक्ष्मी नारायण चांवला पुत्र श्री रिकी राम चांवला को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 8210 दिनांक 17.12.2003 को जारी किया गया। श्री धीरज चांवला एवं श्री लक्ष्मी नारायण चांवला द्वारा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र शर्मा को दिनांक 02.08.2006 को मुख्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से श्री धीरज चांवला एवं श्री लक्ष्मी नारायण चांवला के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां दिनांक 16.10.2006 को पंजीकृत करवाये गये। श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा मुख्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 27.11.2006 के द्वारा श्री अनन्त कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री गिर्राज प्रसाद शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर द्वितीय, के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्री अनन्त कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 27.10.2009 के द्वारा श्रीमती बीना शर्मा पत्नी श्री गिरीश शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती बीना शर्मा पत्नी श्री गिरीश शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
भवदीय सम्पदा प्रबंधक वृत प्रथम,
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 10 /2025

चूंकि श्री जगदीश प्रसाद चौधरी पुत्र श्री गोपाल लाल चौधरी निवासी जयभवानीपुरा, नीमडा, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अल्फा एकेडमी एजुकेशनल सोसायटी कार्यालय पता जयभवानीपुरा, निमेड़ा, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 07.04.2025
सहायक आयुक्त (प्रथम) , देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
( देखिये नियम 21 )
**कार्यालय सहायक आयुक्त ( प्रथम )**
**देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 13/ 2025

चूंकि श्री सुधीर कुमार सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह निवासी 7 ढ़ 14, जवाहर नगर जयपुर 302004 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत सेन्ट एडमण्डस् एज्यूकेशनल सोसाइटी कार्यालय का पता 7 ढ़ 14, जवाहर नगर जयपुर 302004 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29/1/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 8/4/25
मोहर 311 29-1-25 सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

**खोया पाया**
वाटिका इन्फोटेक सिटी-जयपुर प्लाट सं. बी-16 सेन्ट्रल पार्क, नार्थ एवेन्यू के समस्त मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गये है, मिलने पर सूचित करें। विदुषी गर्ग 8209642466

**आम सूचना** दिनांक 06.02.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 238, केडियाज दी कोठी, ग्राम किशोरपुरा चारणान व सिरसी, तहसील व जिला जयपुर स्थित सम्पत्ति को मय उक्त प्लाट पर निर्मित तामीरात अनिता मंगल पत्नी सुरेश कुमार मंगल ने मैसर्स केडिया रियल स्टेट एलएलपी से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 22.02.2024 को खरीद कर कब्जा प्राप्त किया गया। उक्त सम्पत्ति अनिता मंगल व उनके पुत्र अंकित मंगल द्वारा HDFC Bank Ltd से ऋण प्राप्त कर बंधक की गई है। अनिता मंगल का दिनांक 22.01.2025 को देहान्त हो गया तथा उनके पति सुरेश कुमार मंगल का पूर्व मे ही दिनांक 20.05. 2016 को देहान्त हो गया था अनिता मंगल के एक पुत्री अक्षिता अग्रवाल व एक पुत्र अंकित मंगल के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नही है अक्षिता अग्रवाल द्वारा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति मे अपना सम्पूर्ण 1/2 हिस्सा अपने भाई अंकित मंगल के हित मे जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग-पत्र दिनांक 03.02.2025 त्याग कर दिया इस प्रकार उपरोक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामी अंकित मंगल हो गया है उक्त सम्पत्ति अनिता मंगल व उनके पुत्र अंकित मंगल द्वारा HDFC Bank Ltd से उपरोक्त वर्णित जो ऋण प्राप्त किया गया था उसकी अदायगी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अंकित मंगल की है। अंकित मंगल सम्पूर्ण अदा करने के पश्चात् HDFC Bank Ltd से उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व के दस्तावेजात प्राप्त करने का अधिकारी होगा जिसमे अक्षिता अग्रवाल कोई आपत्ति नही होगी तथा अक्षिता अग्रवाल आवश्कता होने पर HDFC Bank Ltd मे उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने को बाध्य होगी। यह आम सचूना मेरे अभिभाष्यगण अंकित मंगल व अक्षिता अग्रवाल के हिदायत से दी जा रही है यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति के बंधक/ हक- त्याग से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
भवदीय
(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट, मो. नं. 9829256466

**नाम परिवर्तन**
राजपत्र दिनांक 12.09.24 के अंक 24 के माध्यम से वर्धमान मीना के स्थान पर भरतलाल मीना कर लिया है। भविष्य में मुझे भरतलाल मीना के नाम से जाना जाए।

मैं आर्मी नम्बर 16014177-F हवलदार Borse Dnyaneshwar Bhimrao S/o Mr. Bhimrao R/o MU Dhamane, Post Dhule MH. Pin 424307 आर्मी रिकोर्ड में मेरे पुत्र का नाम Divyesh गलत दर्ज है सही नाम Divyesh Dnyaneshwar Borse. Vide Affidavit BX 162944 Jaipur.

Gopal Kumar Sharma S/o Bhanwar Lal Sharma Address: Ward 5 Ramshingpura Renwal Has Changed My Name From Gopal Kumar Sharma to Gopal Lal Sharma for all future purposes.

**विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
आदेश 5 के नियम 1 और 5
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कि. रेनवाल जि. जयपुर
**गोपाल वगैरह बनाम ओमप्रकाश वगैरह**
वाद पत्र सं.30/2024
वाद विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा
बनामः-1-गजानन्द पुत्र देवाराम 2-राधेश्याम पुत्र स्व.गणेश 3- सुभाष पुत्र स्व0गणेश 4-शारदा पुत्री स्व. गणेश 5-तेजपाल पुत्र बिरदीचंद 6-सावरमल पुत्र रामेश्वर 7- सीताराम पुत्र मंगलचन्द समस्त जाति कुम्हार (कुमावत) निवासी सोढी वाली ढाणी कि. रेनवाल जिला जयपुर 7-बैंक लीजिंग फाईनेंस कम्पनी लि0 खाखा जयपुर जरिये प्रबन्धक ।
उपरोक्त आपके विरूद्ध उपरोक्त के वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय मे तारीख 21.2.25 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 31/1/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर, न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ रेनवाल जिला जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर,**
**पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**
क्रमांकः-ग्रा.प./ई.नि.सं./2025/34 दिनांक:07.02.2025
**ई-निविदा सूचना 02/2024-2025**
ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में एमएलए लैड धौलपुर से स्वीकृत 02 कार्य तथा डॉग विकास योजना के तहत स्वीकृत 02 कार्य अनुमानित लागत लगभग 46.00 लाख के संकर्म सम्पादन हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो से ऑनलाइन ई-निविदा दिनॉक 17.02.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2425WSRC00645 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
सरपंच ग्राम पंचायत मानपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मानपुर

## संक्षिप्त

### नारायणपुर में निकली कलश यात्रा

**नारायणपुर।** कस्बे में जांगिड़ समाज की ओर से 10 फरवरी को होने वाली विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं ने बैंड-बाजों के साथ श्रद्धा और उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा की शुरुआत पुरुषोत्तमदास आश्रम से महामंडलेश्वर जनार्दनदास महाराज के सानिध्य में पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ की गई। यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए मानसरोवर जोहड़ स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंची। इस दौरान करीब 500 महिलाएं कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए भक्तिभाव में लीन नजर आई। महिलाओं ने नृत्य कर यात्रा को और भी भव्य बना दिया। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। समारोह अध्यक्ष रतन लाल जांगिड़ ने बताया कि 9 फरवरी को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कलाकार भक्तिमय प्रस्तुति देंगे। 10 फरवरी को विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसके उपरांत भंडारे का आयोजन होगा। इस आयोजन में ग्रामीणजन पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे।

### शिविर में 22 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर ने ज्योति हॉस्पिटल जयपुर की टीम के सहयोग से शनिवार 8 फरवरी को आयोजित नि:शुल्क पाइल्स, फिशर और फिस्टुला परामर्श शिविर में 22 जरूरतमंद रोगियों ने लाभ उठाया। क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि इस मौके पर डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी, सीताराम सैनी, रेवत सिंह, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, ललित कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी और सागरमल सैनी अपनी सेवाएं प्रदान की।

### तीन खिलाड़ियों ने जीता रजत

**निवाई।** दिव्यांग विशेष विद्यालय के छात्र लखन सैन, विकास बैरवा व रतिराम भील ने प्रदेश स्तर पर रजत पदक जीता है। विद्यालय के कोच उमाशंकर शर्मा ने बताया कि स्पेशल ओलंपिक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन आगरा के भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हुआ। यह प्रतियोगिता 6 फरवरी तक चली। इन तीनों खिलाड़ियों ने स्पेशल ओलंपिक राजस्थान की प्रदेश टीम से खेलते हुए रजत पदक जीता है। इस उपलब्धि से विद्यालय, जिला व प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। स्पेशल ओलंपिक संघ भारत के चेयरमैन मुकेश शुक्ला ने खिलाड़ियों को रजत पदक देकर सम्मानित किया। इस दौरान कोच उमाशंकर शर्मा का भी सम्मान किया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण तहसील महासभा, विकास समिति एवं सम्मेलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज जांगिड़ भावता व प्रवक्ता मनिष बहकवा ने बताया कि भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की प्रतिभाएं व भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर गांव-गांव में समाज के लोगों से संपर्क करते आमंत्रित किया जा रहा है।

### अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर-ट्रोली जब्त

**मालपुरा।** अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक विकास सांगवान के निर्देशानुसार शनिवार को मोर थाना पुलिस ने नांकाबंदी लगा मालपुरा टोडारायसिंह सडक मार्ग पर टोल नांके के पास अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रोली को किया जप्त। थानाधिकारी राधेश्याम जाट ने बताया कि मुखबीर की सुचना पर अवैध बजरी परिवहन पर की गई कार्यवाही। मामला दर्ज कर चालक की शुरू की तलाश।

### 10 फरवरी को जाएगी 29 वीं पैदलयात्रा

**पीपलू।** उपखंड क्षेत्र के सन्देड़ा फार्म से श्री कल्याणजी महाराज के दर्शनों को लिए 29 वीं पैदलयात्रा 10 फरवरी सोमवार को धूमधाम से रवाना होगी। यात्रा समिति के संयोजक पूर्व सरपंच नाथूलाल चौधरी ने बताया कि गांव के संकट मोचन हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ सुबह 7 बजे रवाना होगी।

# ‘खेल को बढ़ावा देकर मोदी के खेलो इंडिया के विजन को पूरा करेंगे’

**अलवर।** वी-शक्ति के बैनर तले अलवर सांसद और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट इंडिया के तहत अलवर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़ और बास्केटबॉल के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ अपना जोश दिखाया।

पिछले लगभग 2 महीनों से केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में वी-शक्ति के बैनर तले अलवर में सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। ब्लॉक स्तर पर विजयी क्रिकेट टीमों के बीच 7 फरवरी को सिरमौली रोड स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल के खेल मैदान में रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें विजेता टीमों को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



खेल प्रतियोगिता में टीम खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा नेता।

शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में कुश्ती, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, दौड़ और बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किए गए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनसे हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री भूपेंद्र यादव ने टॉस कर खेलों की शुरुआत कराई और खिलाड़ियों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले को देखा।

इस अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉलों का मंत्री ने निरीक्षण भी किया और महिलाओं से बातचीत कर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उद्योग की ओर बढ़ाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लखपति दीदी विजन को पूरा करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के दो बड़े विजन - खेलो इंडिया और लखपति दीदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलवर सांसद खेल उत्सव का आयोजन किया गया, जो उत्साहपूर्वक संपन्न हो रहा है।

उन्होंने कहा महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जल्द ही एक बड़ा ट्रेनिंग प्रोग्राम अलवर में शुरू किया जाएगा। जिससे महिलाएँ आर्थिक रूप

- सांसद खेल उत्सव में ऐतिहासिक उत्साह, महिलाओं को रोजगार से जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए अलवर में शुरू करेंगे ट्रेनिंग प्रोग्राम

से आत्मनिर्भर बन सकें। केंद्रीय मंत्री ने सांसद खेल उत्सव में भागीदारी निभाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल उत्सव को पूरे जिले में बड़े उत्साह से अपनाया गया है, जिससे उम्मीद है कि यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देकर गाँवों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारा जाएगा।उन्होंने यह भी घोषणा की कि पहली बार अलवर जिले में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है,इस मैराथन दौड़ में दिव्यांगों की दौड़ भी शामिल की गई है।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम 13 से

**अलवर।** अलवर में सोमेष्वर महादेव मंदिर परिवार की और से आगामी 13 फरवरी से तीन दिवसीय खाटू श्याम भगवान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राकेश सैनी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 13 फरवरी को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें 1100 महिलाएं कलश लेकर पुराना कटला स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से रवाना होकर प्रमुख बाजारों से होते हुए कार्यक्रम स्थल विजय नगर मैदान पर पहुंचेगी इस कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं को साड़ी,कलश और अन्य सामग्री संस्था द्वारा मुहैया कराई जाएगी जिसका शुल्क 11 सौ रुपये रखा गया है। 14 फरवरी को अखण्ड जोत एवं हवन का आयोजन होगा जिसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव विजय पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**चौमूं / कालाडेरा।** दिल्ली विधानसभा चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर शनिवार को विधानसभा क्षेत्र चौमूँ के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद चौमूं के सामने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में पटाखे जलाकर जश्न मनाया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधान सभा चुनाव-2025 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई और विकसित दिल्ली - विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों और मोदी की गारंटी को जनता के विश्वास की मुहर है। इस मौक़े पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित




दिल्ली विजय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न।

कर सबका मुँह मीठा करवाया। इस मौक़े पर पार्षद बाबूलाल सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, पार्षद बाबूलाल यादव, पूर्व पार्षद कुंदन सिंह शेखावत, मुकेश सैनी, राजेश चोपड़ा, संदीप कुमावत, धर्मेंद्र बंजारा, कालूराम वर्मा, राजेश चोपड़ा, सीताराम योगी, कमल योगी, चेतन सैनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा रविवार को "नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का 450 वां शिविर श्रीमाधोपुर में चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन, डॉ. माधव सिंह हास्पिटल के पास में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक आयोजित 449 पाक्षिक शिविरों में 48 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठा चुके हैं।

क्लब की ओर से होम्योपैथिक पाक्षिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर हर माह के दुसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है, इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, फंगल इनफेंशन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजो को निशुल्क परामर्श देते है, तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निशुल्क दी जाती है।

## श्री श्याम महोत्सव पर निकाली भव्य निशान यात्रा

**निवाई।** करने वाले श्याम कराने वाले श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में तृतीय श्याम महोत्सव को लेकर कंकाली माता मंदिर से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं समिति संयोजक राजू खंडेलवाल ने विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया। निशान यात्रा कंकाली माता मंदिर से रवाना होकर गणगौरी बाजार, चोहट्टी बाजार, सब्जी मंडी, बिलाल मार्केट,

- निशान यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत,
- श्याम नाम के जयकारों से गुंज उठा शहर

बडा बाजार, पटेल रोड, अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड व कृषि मंडी होते हुए श्याम मन्दिर पहुची।



श्री श्याम महोत्सव पर निकाली भव्य निशान यात्रा में मौजूद श्रद्धालु।

निशान यात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया एवं भव्य आतिशबाजी की गई। निशान यात्रा का जुलूस लगभग 2 किलोमीटर लम्बा रहा। सनातन धर्म रक्षा मंच एवं श्याम मित्र मंडल, मण्डी व्यापर मण्डलए, ऑयल मिल एसोशिएशन, श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान, अनमोल सेवा रतन परिवार सहित कई समाज सेवी संस्थाओं ने स्वागत किया।

निशान यात्रा में महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा 1100 निशान लिए। निवाई शहर श्याम नाम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। निशान यात्रा श्याम मन्दिर पहुचने पर बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर आरती की गई एवं भक्तों को प्रशाद वितरण किया गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे। श्याम मन्दिर के पास बने पांडाल में आज विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमे सुभम-रूपम कलकत्ता, अजय शर्मा दोसा, राजू खंडेलवाल, शिवम म्युजिकल ग्रुप भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान बाबा श्याम की छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी एवं कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार किया जाएगा।

## भक्तामर स्तोत्र पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आचार्य विद्यासागर वर्ष महोत्सव के चलते संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं भजन संध्या सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ ममता सांवलिया, सपना छाबड़ा एवं प्रिया जैन ने भगवान आदिनाथ जी एवं भगवान शांतिनाथजी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गायक विमल जौंला, सोभागमल सोगानी, गायिका मीनाक्षी भाणजा, संजू जौंला, पिंकी कठमाणा, रितु चंवरिया, सावित्री जैन, सुनीता बड़ागांव, संगीता संघी, शकुंतला छाबड़ा एवं शशी सोगानी ने संगीत से णमोकार महामंत्र पाठ एवं भक्तामर स्तोत्र की प्रस्तुतियां दी। समाजसेवी सुनील भाणजा एवं राकेश संघी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संगीतमय भक्तामर पाठ में पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा 48 श्लोकों पर गाजे बाजे के साथ रिद्धि मंत्रों का उच्चारण किया जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति के साथ मण्डप पर

- श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों के साथ 48 दीपक समर्पित किए

48 दीपक समर्पित किए। सुनील भाणजा ने बताया कि गायक विमल जौंला ने में करुं वन्दना तेरी ओ मेरे विघा गुरु, दुनिया में गुरु हजारों है विघा गुरु जी का क्या कहना, यह वो जहाज है जिसने लाखों को तारा, मंत्र णमोकार हमें प्राणों से प्यारा, गायक जितेश गिन्दोडी ने पारस प्यारा लागे जिनेश्वर प्यारा लागे, गायक अजीत काला ने खोल्या रे भण्डार नाभि राजा बाकौ सहित कई कई भजनों की प्रस्तुतियां दी जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, रामपाल चंवरिया, विष्णु बोहरा, अमित कटारिया, नवरत्न टोंग्या, बंटी कठमाणा, अनिल भाणजा, शंभु कठमाणा, हितेश छाबड़ा, अर्चना टोंग्या, सीमा बड़ागांव, उर्मिला सोगानी व उषा जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने शुक्रवार देर रात्रि तक रात्रि चौपाल में चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत वि डिडायच के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर ही उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का निस्तारण कराया।

रात्रि चौपाल में परिवादी ममता देवी बैरवा ने ग्राम पंचायत डिडायच में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भूमि आवंटन कराने की मांग की, हेमराज शर्मा ने जॉब कार्ड अलग करवाने की मांग की, ग्रामीणों द्वारा बेरवा मोहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की, धोली गांव के ग्रामीणों ने आरओ प्लांट खराब होने की शिकायत की एवं धोली गांव में ही राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में अतिक्रमण होने की भी शिकायत की। रात्रि चौपाल में आम रास्तों से अतिक्रमण हटाने, आंगनवाड़ी में केंद्र



जिला कलेक्टर शुभम चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

खुलने, गौशाला के लिए भूमि आवंटित कराने एवं अनुदान सहायता प्रदान करने की मांग की, ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य प्रारंभ कराने, पट्टे बनवाने सहित कुल करीब 25 प्रकरण जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि चौपाल में प्राप्त हुए इन सभी प्रकरणों पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने रात्रि चौपाल

- ग्रामीणों ने बेरवा मोहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की

की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री शिविर, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ उठाना चाहिए।

रात्रि चौपाल में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सभी योजनाओं का लाभ किस प्रकार दिया जा सकता है इसकी विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम दामोदर सिंह ने कृषकों को राष्ट्रीय कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री शिवरों की जानकारी दी। जिला रसद अधिकारी राम भजन मीणा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना की जानकारी दी।

### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में 64 अघ्र्य किए समर्पित

**पीपलू।** कस्बे के नाथड़ी रोड़ पर चले रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के चौथे दिन 64 अघ्र्य समर्पित किए। महामंडल विधान का आयोजन 12 फरवरी तक किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान समाजजनों ने पूजन विधि भी संपन्न की। संयोजक पदमचंद जैन ने बताया कि शनिवार को विधान के चौथे दिन महाशांति धारा एवं अभिषेक सिद्धचक्र विधान के पूजन के साथ शुरू किया गया, साथ ही 64 अघ्र्य भी चढ़ाए। भक्तिमय माहौल में पं. मनोज जैन शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ विधान की संपूर्ण विधियां की जा रही है।

मंडल की पूजा मैं बैठने वाले सभी श्रावकों को आचार्यो ने आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व आरती, रात्रि में नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज व बालाचार्य निपुर्णनन्दी महाराज ने कहा कि हर एक श्रद्धालु को सिद्धचक्र महामंडल विधान करना चाहिए। क्योंकि अंतिम लक्ष्य के रूप में संसारी प्राणी मोक्ष नहीं पा सकता है। इसलिए सिद्धों की आराधना के बिना मोक्ष का लक्ष्य सिद्ध नहीं हो सकता।

## सार-समाचार

### देशी कट्टा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी को लेकर जिला कोटपुतली बहरोड़ पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि फायर आर्म्स के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मेहनत व लग्न से कार्य करते हुए गश्त व निगरानी बदमाशान करते हुए आ सूचना संकलन कर अर्जुन गुर्जर पुत्र उदयराम गुर्जर उम्र 22 साल निवासी भरतदास कॉलोनी वार्ड नंबर 4 पावटा को अवैध फायर आर्म्स हथियार एक देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।



### मियावाकी पद्धित से होगा पौधारोपण

**श्रीमाधोपुर।** सीकर जिले के खंडेला तहसील स्थित खेड़ी जाजोद गांव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। एच जी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड और एच जी फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआर प्रोजेक्ट एचजी ग्रीन ड्राइव के तहत कार्यकारिणी संस्था ग्रीन यात्रा के सहयोग से मियावाकी पद्धित से 12 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य गांव में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण को संरक्षित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को भूमि पूजन और पौधारोपण से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में चांदमल वर्मा, अतिरिक्त निदेशक जयपुर, जाजोद सरपंच महेंद्र कुड़ी, प्रिंसिपल श्रीमति सुमन तोबड़िया, एच जी फाउंडेशन से मुकेश गुर्जर, ग्रीन यात्रा से राजकुमार द्विवेदी और गांव के कई सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

### अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव नोहटा मोड़ के समीप से एक अवैध बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। ट्रैक्टर चालक पुलिस की गाड़ी देखकर ट्रैक्टर ट्रॉली को सडक़ किनारे खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर पुलिस थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा करवा दिया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली में करीब चार बजे भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को मलिक के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार दतवास थाना पुलिस ने भी अवैध बजरी से भरी हुई एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान दहलोद मोड़ से अवैध बजे से भरी हुई एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। चालक मौके से फरार हो गया।

### पूर्व विधायक का जताया आभार

**चौमूं / कालाडेरा।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चीथवाड़ी से चोप रोड तक सड़क स्वीकृति पर सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर ग्रामवासियों ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एव साफा पहनाकर आभार जताया। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा उक्त सड़क के 3 किलोमीटर नवीनीकरण कार्य के लिए 54 लाख रुपयों की स्वीकृति प्रदान की है। इस मौक़े पर बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कालूराम बड़बड़वाल, पूर्व सरपंच महेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष युवा मोर्चा नानूराम पिपलोदा, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश डागर, वार्डपंच प्रतिनिधि राकेश बागड़ा, सुवालाल पिपलोदा, नारायण डागर, जगदीश प्रसाद बागड़ा, बलबीर बागड़ा, बूथ अध्यक्ष रामेश्वर बागड़ा, शंकर जांगिड़, सरदार देवंदा, मालीराम डागर, बूथ अध्यक्ष साधुराम गोगोरिया, बूथ अध्यक्ष राजू शर्मा, हरिओम सैन, पूर्व बूथ अध्यक्ष प्रेम जांगिड़, विकास जांगिड़, रमेश गोगोरिया आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### आरोपी को किया गिरफ्तार

**नारायणपुर।** नारायणपुर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए व्यापारी से हुई डकैती के चौथे आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 5 अक्टूबर को कोलाहेडा निवासी कैलाश गुप्ता और उनका बेटा हिमांशु दुकान बंद करके घर जा रहे थे। इस दौरान कोलाहेडा मार्ग पर एक अपाची बाइक पर सवार बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर मारपीट की और बैग में रखे 30 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए थे। नारायणपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डकैती में वांछित चौथे आरोपी माडूराम (23) पुत्र मांगूराम गुर्जर निवासी झगड़ेत कला थाना बासदयाल को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में बासदयाल पुलिस का भी सहयोग रहा हैं। इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी माडूराम गुर्जर को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के दौरान उससे अन्य आपराधिक वारदातों के खुलासे की संभावना जताई जा रही है। पुलिस टीम इस मामले में आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** पाथरेडी में पाथरेडी बाबा भोमिया मंदिर में शिवालय व बजरंगबली मंदिर व राजकीय सीनियर स्कूल मे मां सरस्वती मूर्ति की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे शनिवार को स्वागत समारोह व भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोटपुतली एडवोकेट प्रेम प्रकाश शर्मा व एडवोकेट पवन शर्मा ने बताया कि इस दौरान हरियाणा व राजस्थान के मशहूर गायक कलाकारों राजबाला बहादुरगढ़ , विनोद मेहता एंड पार्टी, संजय पटेल, रोहिताश दायमा, कंचन यादव व डांसर डिंपल पंजाबन एवं राजस्थान के मशहूर लेखक व गायक गिरिराज लालवाड़ी, डीजे किंग मुकेश मुक्कड केहरपुर द्वारा सांस्कृतिक एवं रागिनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा भोमिया मंदिर के सामने पाथरेडी मे 7 फरवरी शुक्रवार को रात्रि 8.15 बजे सुंदर कांड पाठ व 8 फरवरी शनिवार को सुबह 9.15 बजे से 11 बजे तक स्वागत समारोह जिसमे सभी दानदाताओं व पाथरेडी गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओ एवं अन्य प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**नारायणपुर।** दिल्ली में भाजपा की बड़ी जीत पर शनिवार को मानसरोवर जोहड़ रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर भव्य जश्न मनाया गया। मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाइयाँ बांटकर खुशी का इजहार किया। मंडल अध्यक्ष संदीप सैनी ने कहा कि यह जीत केवल भाजपा की नीतियों की जीत नहीं है, बल्कि आम जनता के अपार विश्वास का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने विकास कार्यों और लोकहितकारी योजनाओं के माध्यम से जनता का दिल जीता है। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश गोठवाल, वैध भवानीशंकर शर्मा, मनोहर नायक, ललित सैनी, पप्पी चौधरी, ललतेश सोनी, राकेश यादव, नत्थुराम प्रजापत, मनीष प्रजापत, सुल्तान राम सैनी, धुडाराम यादव, छोटे लाल पायला, नारायण गोयल, लक्ष्मण प्रसाद दर्जी, मातादीन यादव, रोहिताश सिंह, महेन्द्र योगी, राजेश सैनी, बलबीर सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लकड़बग्घा को रेस्क्यू कर कराया उपचार

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र की अरावली पर्वत श्रृंखला मैं स्थित बौंली रेंज के वनखंड कुशलपुरा घाटा से एक वन प्राणी लकड़बग्घा (जरख) कुशलपुरा भेंरुजी की ओर पहुंच गया। वन प्राणी के ग्रामीण क्षेत्र के नजदीक पहुंचकर आवाज करते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया एवं काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए एवं इसकी सूचना उन्होंने सवाई माधोपुर एवं बौंली रेंज वन विभाग कार्यालय को दी। ग्रामीणों की सूचना पर जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर से उपवन संरक्षक सुनील कुमार व बौंली क्षेत्रीय वन अधिकारी कविता बाई जाट के निर्देशन में फॉरेस्टर भूपेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में वनरक्षक कैलाश चंद यादव, हीरालाल गुर्जर, वनकर्मी रामचरण बैरवा, वनमित्र अशोक गुर्जर, वनरक्षक बनवारी लाल, सुरज्ञान व चेतराम गुर्जर मौके पर पहुंचे। एवं मौके पर से ग्रामीणों की भीड़ को हटाकर वन्य जीव लकड़बग्घा (जरख) को सकुशल रेस्क्यू किया एवं बौंली के पशु चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद वन विभाग के वन प्राणी रेस्क्यू सेंटर पर रखा गया है।

